# ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
## जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
## डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
## पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

**बुलेटिन संख्या–54**
**दिनांकः शुक्रवार, 17 जुलाई, 2026**

### विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन केअनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 33.7 एवं 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 92 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 79 प्रतिशत, हवा की औसत गति 9.2 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.5 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.3 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 31.1 एवं दोपहर में 36.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।इस अवधि 28.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
### (18–22 जुलाई, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 18 जुलाई से 22 जुलाई, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमान अवधि के दौरान उत्तर बिहार के बेगूसराय, समस्तीपुर, सीवान, सारण, वैशाली, पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिलों में 19–.20 जुलाई के आस–पास मेघगर्जन, वज्रपात तथा तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना है। इन जिलों के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है, तथा आकाश पूर्णतः बादलों से आच्छादित रह सकता है। अन्य जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। 19–20 जुलाई छोड़कर पूर्वानुमान अवधि के अन्य दिनों में हल्के बादल छाए रह सकते है।
- इस अवधि में तापमान में अधिक उतार–चढ़ाव के साथ अधिकतम तापमान 30–35°C तथा न्यूनतम तापमान 25–28°C के बीच रहने की संभावना है।
- सुबह में सापेक्षिक आर्द्रता 80–85 प्रतिशत तथा दोपहर में सापेक्षिक आर्द्रता 65–70 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।
- इस दौरान हवा मुख्यतः दक्षिण–पूर्वी दिशा से 10–15 किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

### समसामयिक सुझाव

- धानः पूर्वानुमान अवधि में मध्यम से भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे वर्षा जल का लाभ उठाते हुए धान की रोपाई के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करें। रोपाई से पहले प्रति हेक्टेयर 25–30 किग्रा नाइट्रोजन, 40 किग्रा फॉस्फोरस, 30 किग्रा पोटाश तथा 25 किग्रा जिंक सल्फेट का प्रयोग करें।
- किसान भाई अपनी निचली जमीन के चारों ओर मजबूत मेड़ (बाँध) बनाकर वर्षा जल का संचयन करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसका सिंचाई में उपयोग किया जा सके।
- मिलेटः अच्छी जल निकासी वाली ऊँचास जमीन में मोटे अनाज (मिलेट) की खेती करें। रागी (फिंगर मिलेट) की *राजेन्द्र मडुआ, आर.यू.–8, आर.यू.–3* तथा कौनी (फॉक्सटेल मिलेट) की *राजेन्द्र कौनी–1* किस्में उत्तर बिहार के लिए उपयुक्त हैं।
- सूरजमुखीः वर्तमान समय में ऊँचास जमीन में संकर सूरजमुखी की *के.बी.एस.एच.–1, के.बी.एस.एच.–44, के.बी.एस.एच.–53* तथा *डी.आर.एस.एच.–1* किस्मों की बुआई कर सकते हैं। खेत की तैयारी के समय प्रति हेक्टेयर 100 क्विंटल गोबर की खाद, 40 किग्रा नाइट्रोजन, 90 किग्रा फॉस्फोरस, 40 किग्रा पोटाश तथा 30–40 किग्रा सल्फर दें। 5 किग्रा बीजध्हेक्टेयर पर्याप्त है। बीज को ठंडे पानी में भिगोकर 5–6 घंटे छाया में सुखाएं तथा थिरम/कैप्टाफ 2.5 ग्राम/किग्रा बीज से उपचारित करें। बुआई 60 × 30 सेमी दूरी पर करें।
- आमः जुलाई–अगस्त आम के पौधों के रोपण का उपयुक्त समय है। कलमी पौधों की रोपाई 10×10 मीटर तथा बीजू पौधों की 12×12 मीटर दूरी पर करें। सघन बागवानी के लिए 5×5 मीटर तथा अम्रपाली के लिए 2.5×2.5 मीटर दूरी रखें। फलदार वृक्षों में प्रतिवर्ष 1 किलोग्राम नाइट्रोजन, 300 ग्राम फॉस्फोरस, 700 ग्राम पोटाश तथा 80–100 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद का प्रयोग करें।
- केलाः वर्तमान समय में स्वस्थ सकर्स की रोपाई करें। लंबी किस्मों (*अल्पान, कँथली, मालभोग, चिनिया, जी–9*) तथा बौनी किस्मों (*ग्रैंड नेन, रोबस्टा, बसराई*) का चयन करें। लंबी किस्मों के लिए 2.0×2.0 मीटर तथा बौनी किस्मों के लिए 1.5×1.5 मीटर दूरी रखें। प्रत्येक गड्ढे में 5 किग्रा गोबर की खाद, 500 ग्राम अरंडी की खली, 300 ग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट, 100 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 10 ग्राम कार्बोफ्यूरॉन मिलाएं। रोपाई से पहले सकर्स को कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम/लीटर पानी से उपचारित करें। टिशू कल्चर पौधों का उपयोग अधिक उत्पादन के लिए लाभकारी है।
- किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि वे फसलों में कीट एवं रोग के प्रकोप हेतु नियमित निगरानी करें तथा आवश्यकता होने पर अनुशंसित नियंत्रण उपाय अपनाएँ।
- दुधारु पशुओं एवं बकरियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएँ। साथ ही, पशु चिकित्सक की सलाह के अनुसार पशुओं का समय पर टीकाकरण कराएँ।

| | |
|---|---|
| आज का अधिकतम तापमानः 33.4 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम | आज का न्यूनतम तापमानः 25.5 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम |

**(डॉ0 ए. सत्तार)**
**वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी**